# इंजीनियरिंग में श्रेष्ठ योगदान के लिए डॉ. राजकमल सम्मानित

इंदौर। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के इलेक्ट्रॉनिक, कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजकमल को एक समारोह में सम्मानित किया। ये सम्मान उन्हें इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं अन्वेषण कार्यों के लिए दिया गया। इस मौके पर शिक्षा जगत के कई गणमान्य उपस्थित थे। प्रेस्टीज एजुकेशन सोसायटी के वाइस चेयरमैन डॉ. डेविश जैन, संस्थान के डायरेक्टर, डॉ. मनोजकुमार देशपांडे, केतन जैन के साथ ही प्रेस्टीज प्रबंध एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के अनेक वरिष्ठ फैकल्टीज ने डॉ. राजकमल को सम्मानित होने पर बधाई दी है। वे आईईईई के वरिष्ठ सदस्य होने के साथ ही आईईटीई फेलो भी हैं। उनके द्वारा लिखित करीब 155 रिसर्च पेपर्स विश्व के अनेक प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं।



**Dabang Dunia (Indore), 10th July 2019, Dabang Dunia 2, Page-6**